# <u>टाइपिंग परीक्षा के लिए अनुदेश</u>

**विषयः <u>कनिष्ठ सचिवालयी सहायक (जे.एस.ए.) टाइपिंग परीक्षा ।</u>**

1. अपात्रता, त्रुटि और समय की हानि से बचने के लिए दिए गए अनुदेशों को ध्यान से पढ़ें। अनुदेशों को ध्यान पूर्वक पढ़ने के बाद, आगे बढ़ने के लिए चेक बॉक्स पर क्लिक करें।

2. टाइपिंग गति (स्पीड) टेस्ट (चरण-III) दिनांक 16.02.2021 को होगा।

3. अधिसूचना में यथा उल्लिखित टाइपिंग परीक्षा क्वालिफाइंग प्रकृति की होगी।

4. ऐसे अभ्यर्थियों, जिन्होंने चिकित्सा प्रमाण पत्र जमा करके दिनांक 21.12.2020 को आयोजित हुई टाइपिंग परीक्षा में छूट प्राप्त की है, को छोड़कर शार्टलिस्ट किए गए सभी अभ्यर्थियों, जिन्होंने चरण-I (कम्प्यूटर आधारित परीक्षा) एवं चरण-II (कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा) परीक्षा पास कर ली है, को चरण-III (टाइपिंग स्पीड टेस्ट) में उपस्थित होना अनिवार्य है। दिनांक 21.12.2020 को आयोजित टाइपिंग टेस्ट (चरण-III परीक्षा) रद्द् कर दी गई है और प्रत्येक अभ्यर्थी को पुनर्परीक्षा (री-टेस्ट) के लिए उपस्थित होना होगा।

5. अंग्रेजी माध्यम के लिए विकल्प का चयन करने वाले अभ्यर्थियों की न्यूनतम टाइपिंग स्पीड 35 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए, जो 10500 की डिप्रेशन प्रति घंटा के समान है अथवा हिंदी में न्यूनतम टाइपिंग स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए, जो 9000 की डिप्रेशन प्रति घंटा के समान है।

6. निम्नलिखित फार्मूला के आधार पर टाइपिंग परीक्षा का मूल्यांकन किया जाएगाः
   स्पीड = [(टाइप किये गए कुल की स्ट्रोक/5-टाइप किए गए गलत शब्द *10)/लिया गया समय, मिनट में]
   कोई भी अशुद्ध शब्द/गलती की अनदेखी नहीं की जाएगी।
   उदाहरणः अंग्रेजी के लिए, यदि टाइप किए गए कुल की स्ट्रोक = 1850
   गलत शब्द = 5, अनुमत समय 10 मिनट,
   तो, स्पीड = [(1850/5-5*10)/10] = 32 शब्द प्रति मिनट
   परिणामः स्पीड 35 शब्द प्रति मिनट से कम होने पर पास नहीं किया जाएगा।

7. कंप्यूटर सिस्टम में अभ्यर्थी द्वारा लॉग इन करने के बाद, उसे मॉक टाइपिंग टेस्ट की शुरुआत करनी है और इसे 2 मिनट में पूर्ण करना है, जिसमें अभ्यर्थी की-बोर्ड और कुंजी ऑपरेशन की जांच करेगा। ट्रायल टेस्ट के बाद 15 मिनट का ब्रेकटाइम होगा। यदि किसी अभ्यर्थी की सिस्टम कुंजियां काम नहीं कर रही हैं, तो इसे ब्रेक टाइम के दौरान उन्हें तुरंत पर्यवेक्षक को रिपोर्ट करके इसका समाधान करा लेना होगा। एक्चुअल टाइपिंग टेस्ट निचे दी गई जानकारी के अनुसार ब्रेकटाइम के बाद शुरू होगा। टाइपिंग टेस्ट 10 मिनट का होगा।

| **विषय** | **परीक्षा की अवधि** | **कुल अवधि (सामान्य अभ्यर्थियों के लिए)** | **अनुपूरक समय वाले अभ्यर्थियों के लिए अवधि (स्क्राइब अभ्यर्थी)** |
|---|---|---|---|
| कनिष्ठ सचिवालयी सहायक अंग्रेजी टाइपिंग परीक्षा | 2+15+10 (स्क्राइब अभ्यर्थी के लिए 15 मिनट) | 27 मिनट | 32 मिनट |

8. जिन दृष्टि बाधित आवेदकों ने ऑनलाइन आवेदन फार्म में लेखक (स्क्राइब) के विकल्प का चयन किया है, उन्हें टाइपिंग टेस्ट हेतु अपने पैरा वाचक को स्वयं लाना होगा। पैरा वाचक नियत समय अवधि के अन्दर दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों के लिए पैरे को पढ़ेंगे।

9. चूंकि यह पुनः परीक्षा (रीटेस्ट) है, इसलिए अभ्यर्थी को भाषा, हिंदी या अंग्रजी में टाइपिंग परीक्षा का प्रयास करने की अनुमति होगी, जैसा कि अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 21.12.2020 को आयोजित परीक्षा के समय पर विकल्प लिया/प्रयोग किया गया। अब भाषा के किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं है।

10. **अंग्रेजी की टाइपिंग परीक्षा की-बोर्ड ले-आउट केवल अंग्रेजी (यू.एस.) में उपलब्ध होगा और फॉन्ट टाइम्स न्यू रोमन होगा। हिंदी टाइपिंग परीक्षा हेतु की-बोर्ड लेआउट रेमिंगटन गेल और फॉन्ट मंगल होगा।**

**समर्थित की-बोर्ड का ले-आउट-**

1. अंग्रजी टाइपिंग हेतु - क्यूडब्ल्यूआरटीवाई (QWERTY) ले-आउट




2. हिंदी टाइपिंग हेतु - रेमिंगटन गेल ले-आउट




नोट:- ऊपर प्रदर्शित की-बोर्ड ले-आउट केवल समझने के उद्देश्य से है।

**टाइपिंग करते समय ध्यान में रखने वाले विशेष अनुदेशों**

11. परीक्षा के समय ऐसी कोई भी विशेष ‘की’ अथवा अन्य ‘की’ का प्रयोग न करें, जो दर्शाए गए पाठ में दिए गए शब्दों की टाइपिंग के लिए अनिवार्य नहीं है। दर्शाए गए पाठ में उल्लिखित विशेष ‘केरेक्टर’/‘सिम्बल’ के अलावा अन्य किसी विशेष ‘केरेक्टर’/‘सिम्बल’ टाइप न करें।

12. टाइपिंग परीक्षा अप्रतिबंधित प्रणाली से होगी। अप्रतिबंधित टाइपिंग में अभ्यर्थियों को टाइपिंग परीक्षा के साथ आगे बढ़ने की अनुमति दी जाती है, चाहे साम्रगी गलत तरीके से टाइप की गई हो। गलत पाठ मूल पाठ में लाल रंग के फॉन्ट से चिन्हांकित किया जाएगा, जो टेक्स्ट बॉक्स में दर्शाया जाता है। वह पाठ, जो ठीक तरह से टाइप किया गया है, हरे रंग में दर्शाया जाएगा।

13. अभ्यर्थी को चिन्हाकिंत किए गए शब्द को दर्शाए गए टेक्स्ट में बिना किसी त्रुटि के टाइप करना होगा । जैसा कि उपर्युक्त पैरा में यथा स्पष्ट है, सही से टाइप किया गया शब्द हरे रंग से और गलत टाइप किया गया शब्द लाल रंग से चिन्हांकित किया जाएगा। टाइप किए गए सभी सही शब्दों को हरे रंग से और गलत टाइप किए गए शब्दों को लाल रंग से चिन्हांकित किया जाएगा।

14. लाल रंग से चिन्हांकित प्रत्येक गलत शब्द को एक गलती के रूप में माना जाएगा और जैसा कि पैरा 6 मे उल्लिखित मूल्यांकन मानदंड में स्पष्ट है, दस मिनट के टेस्ट के लिए दस बार दण्डित किया जाएगा । किसी भी गलत शब्द (त्रुटि) की अनदेखी नहीं की जाएगी। अतः, अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि लाल रंग में चिन्हांकित टाइप किए गए टेक्स्ट में गलत शब्द को ठीक करने हेतु बैक स्पेस-की और ऐरो-की का उपयोग करें। जैसे ही शब्द को ठीक टाइप किया जाएगा, उस शब्द का चिन्हाकिंत रंग हरा हो जाएगा।

15. कृपया यह सुनिश्चित करें कि दर्शाए गए टेक्स्ट में चिन्हांकित शब्द को ही टाइप किया जाए। चिन्हांकित शब्द अथवा दर्शाए गए टेक्स्ट में चिन्हांकित शब्द के साथ टाइप किए गए शब्दों के अलावा टाइप किए गए शब्दों को गलत शब्द (त्रुटि) के रूप में माना जाएगा चाहे वह शब्द ठीक टाइप किया गया हो। यह/ये शब्द/शब्दों को लाल रंग से चिन्हांकित किया जाएगा। अत: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे दर्शाए गए टेक्स्ट में चिन्हांकित शब्द को ही टाइप करें और उसके अलावा कुछ और टाइप न करें।

16. **<u>क्या न करे</u>**

दिए गए टेक्स्ट को टाइप करने के लिए अपेक्षित **<u>कोई अन्य की अथवा की कॉम्बिनेशन</u>** का प्रयोग न करें।

1) उपलब्ध करवाए गए टेक्स्ट में उल्लिखित केरेक्टर/सिम्बल के अलावा कोई विशेष केरेक्टर/सिम्बल टाइप न रकें (इससे शब्द स्कीप हो सकते हैं, जिससे टाइपिंग त्रुटि हो सकती है, जिसका मूल्यांकन टाइपिंग गलती (त्रुटि) के रूप में किया जा सकता है।

2) **टेस्ट प्रस्तुत करने के बाद और सारांश दर्शाए जाने के बाद बेक स्पेस अथवा अन्य कोई की न दबाएं।**

17. ऊपर वर्णित **टाइपिंग सॉफ्टवेयर से परिचित करवाने हेतु अभ्यर्थियों के लिए टाइपिंग हेतु मॉक टेस्ट के लिए एक लिंक दिनांक 09.02.2021 को लाइव किया जाएगा।**

18. परीक्षा के दौरान धैर्य बनाए रखें एवं शांत रहें। किसी भी समस्या के लिए आप पर्यवेक्षक से संपर्क कर सकते हैं, जैसे:-

क. की-बोर्ड त्रुटि

ख. मशीन का स्वत: बंद हो जाना

ग. बिजली में बाधा

घ. ब्राउजर क्रैश

ड़. आर्टिफिशिएली एक्सपायरिंग सेशन

19. यदि आप शांति भंग करते हैं या किसी भी तरीके से परीक्षा में बाधा उत्पन्न करते हैं या गलत तरीके अपनाते हैं/ब्लूटूथ डिवाइस, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैमरे आदि जैसे प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करते हैं, तो आपकी उम्मीदवारी को रद्द दिया जा सकता है और आपके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

20. घड़ी को सर्वर पर इंस्टॉल किया गया है, इसलिए परीक्षा की समाप्ति का शेष समय आपके कम्प्यूटर स्क्रीन के शीर्ष पर दाएं कोने में काउंट डाउन टाइमर में प्रदर्शित होता रहेगा।

21. दिए गए समय के अनुसार टाइपिंग टेस्ट निर्धारित समय पर स्वत: सबमिट हो जाएगा।

22. अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्त होने तक परीक्षा हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।